# HISAR METAL INDUSTRIES LIMITED

**Regd. Off & Works: Near Industrial Development Colony, Hisar-125005 (HRY)**
**Phone: 01662-220067,220367,220738 Fax 01662-220265**
**Email :info@hisarmetal.com, Web www.hisarmetal.com**
**CIN No: L74899HR1990PLC030937**


**August 13, 2020**

Corporate Relationship Department
Bombay Stock Exchange
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai - 400 001
**Scrip Code: 590018**
**(Category: Permitted For Trade)**

Corporate Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor
Plot No. C-1, G Block
Bandra Kurla Complex, Bandra East
Mumbai – 400051
**Scrip Code: HISARMETAL**

**Sub: Newspaper Publication for Unaudited financial results for the Quarter ended on June 30, 2020**

Dear Sir / Madam

Please find enclosed herewith newspaper publication of Unaudited Financial Results of the company for the quarter ended on 30th June, 2020 which is published in "The Financial Express" ( English-Newspaper ) and "Jansatta" ( Hindi-Newspaper ) on 13/08/2020.

This is for your kind information and records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For **Hisar Metal Industries Limited**

HISAR METAL IND. LTD. HISAR

(Vishesh Kumar Chugh)
**GM (Finance) & Company Secretary**

## कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, 139 चपेट में

### आंकड़ा 3600 हुआ पार

शिमला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

प्रदेश में बीते रोज कोरोना की थमी रफ्तार के बाद बुधवार को एक साथ रेकॉर्ड 139 नए मामले सामने आए हैं। जिला सोलन में आज कोरोना संक्रमित मरीजों का एक बार फिर विस्फोट हुआ है। जिला में एक साथ 47 नए मामले सामने आने के साथ प्रदेश में कुल मामलों का आंकड़ा 36 सौ के पार चला गया है। वहीं चंबा से 24, सिरमौर से 20, कुल्लू से 17, ऊना से 16, कांगड़ा से 13 और मंडी से दो मामले सामने आए हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य आरडी धीमान ने पुष्टि करते हुए बताया कि आज 89 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया है। इसके अलावा प्रदेश में अब तक 2362 लोग ठीक हो चुके हैं जबकि 1230 मामले सक्रिय हैं।

सोलन जिले में आए नए 47 मामलों में से तीस मामले अकेले बीबीएन से ही है। इनमें से बददी के 23, नालागढ़ के 7 मामले है जबकि 11 मामले अर्की से सामने आए है।। सोलन में कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा अब नौ सौ के पार चला गया है। प्रदेश में सबसे ज्यादा कोरोना संक्रमित मामले जिला सोलन से ही है। इनमें से अधिकांश कामगार है।

**धर्मशाला:** चंबा शहर में कोरोना संक्रमण का केंद्र बने धड़ोग मोहल्ले में 13 और किहार विकास खंड में महामारी के 10 मरीजों समेत बुधवार को जो 23 मामले सामने आए हैं उनमें अर्द्ध सैनिक बल के आठ जवान भी शामिल हैं। चंबा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश गुलेरी के मुताबिक धड़ोग मोहल्ले में 80 साल की बुजुर्ग, 44, 42, 38, 30 व 23 साल की छह महिलाएं 15 और 19 साल की दो युवतियां, 60 और 42 साल के दो व्यक्ति 18 साल का युवक व 10 बरस का बालक शामिल है। इसके साथ धड़ोग में पीड़ितों की तादाद 94 हो गई है। यह सभी मोहल्ले के संक्रमित लोगों के संपर्क में आए थे।

किहार विकास खंड के 10 संक्रमितों में तामिलनाडू से लौटा 19 साल का युवक, बिना किसी यात्रा वृतांत के खैरी का 36 वर्षीय निवासी, बंगलुरु से सीआइएसएफ के आठ जवानों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इन सभी की उम्र 25 से 57 साल के बीच में है।

वहीं, **कांगड़ा** जिले में कोरोना के 13 मामले सामने हैं। इनमें सेना के 3 जवान, दो महिलाएं और दो बच्चियां शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी गुरदर्शन गुप्ता के मुताबिक 28 जुलाई को मुबंई से लौटे 88 व 72 साल का यह बुजुर्ग दंपति फ ोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में भर्ती था। महाराष्ट्र से लौटे बैजनाथ के पंतेहड़ के 48 वर्षीय निवासी और पालमपुर के लोहना निवासी दुकानदार को संक्रमित पाए जाने के बाद इन चार लोगों को कोविड केंद्र धर्मशाला लाया गया है। जबकि 6 अगस्त को अरुणाचल से लौटे थुरल तहसील के भरांता निवासी 33 साल के और लेह से पहुंचे अलहिलाल के 30 साल के सेना के जवान समेत इन दोनों को सैन्य अस्पताल पालमपुर भर्ती किया गया है।

गुप्ता ने बताया कि लेह से आए सेना के जवान और जोगिंद्रनगर के लवानखड्ड निवासी 31 साल के स्वास्थ्य कर्मी को कोविड केंद्र बैजनाथ भेजा गया है। देर शाम को धर्मशाला नगर के साथ लगते घरोह इलाके लांझणी गांव में एक ही परिवार में संक्रमण के चार मामले सामने आए। इनमें पति (45), पत्नी (37), बेटी (13) और बेटी (10) शामिल हैं जबकि एक फौजी (22) समेत सभी को योल के सैन्य अस्पताल तब्दील किया गया है।

**सिरमौर:** जिले में संक्रमण के 10 नए मामले सामने आए हैं। इसमें पहले से ही संक्रमित खाद्य एवं आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष बलदेव तोमर का पीएसओ भी शामिल है। इसके अलावा कमरऊ के नायब तहसीलदार की पत्नी व बेटा की रिपोर्ट भी पॉजीटिव आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी

## कोरोना की मार: बेटों की गैरहाजिरी में दोस्तों ने निभाई अंतिम संस्कार की रस्में

### बीते रोज संधोल की बुजुर्ग की कोरोना से हुई थी मौत, पूरा परिवार संक्रमित, एक बेटा विदेश में

मंडी, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

कोरोना महामारी ने लोगों को क्या-क्या दिखाया इसकी कल्पना भी किसी की रूह को कंपाने के लिए काफी है। बीते रोज संधोल की जिस 78 वर्षीय बुजुर्ग की मौत नेरचौक अस्पताल में हुई थी, उसका अंतिम संस्कार बुधवार को उनके दोनों बेटों की अनुपस्थिति में कंसा के पास सुकेती खड्ड में उनके बेटे के दोस्तों ने किया गया।

महिला का बड़ा बेटा न्यूजीलैंड में रहता है जबकि छोटा बेटा सेवानिवृत प्रिंसीपल खुद परिवार समेत संक्रमित है और शमशान घाट से कुछ दूरी पर स्थित नेरचौक मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। ऐसे में उसके दोस्तों प्रिंसीपल सुशील कुमार ने वह सभी फर्ज निभाए जो एक बेटे को निभाने चाहिए। उन्होंने पिंडदान से लेकर हवन की रस्मों को पूरा किया जबकि अस्थियां प्राप्त करने और अन्य संस्कारों के लिए एक अन्य दोस्त प्रभदयाल ठाकुर ने कंधे से कंधा मिलकार उनका साथ दिया। सबसे दुख की बात तो यह है कि वृद्धा के अंतिम संस्कार में कोई भी सगा उपस्थित नहीं हो पाया।

वृद्धा दोहती की शादी में पंचकूला गईं थी और वहां संक्रमित हो गई। वापस लौटते ही वह खुद, उनका बेटा, बहू और दो पोतियों के साथ-साथ बड़ा बेटा जोकि न्यूजीलैंड में रहता है, उसकी पत्नी भी कोरोना की चपेट में आ गई। जबकि पंचकूला में उसकी बेटी और दामाद भी संक्रमित हो गए। जिसके चलते अंतिम संस्कार में कोई शामिल नहीं हो पाया। ऐसे में बेटे के दोस्तों ने आखिरी विदाई की जो रस्में निभाई वह अपने आप में ही एक मिसाल बन गई।

इधर, मंडी शहर के खलियार में जो व्यक्ति सोमवार को कोराना से मौत का शिकार हो गया था उसकी पत्नी भी कोरोना पॉजीटिव आई है। उसके नमूने मंगलवार सुबह लिए गए थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेंद्र शर्मा ने बताया कि शाम को जब मेडिकल विभाग की टीम उस महिला को अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए एंबुलेंस लेकर गई।

## मुख्यमंत्री आज नाचन को देंगे करोड़ों की सौगातें

मंडी, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर 13 अगस्त को सुबह साढ़े 11 बजे शिमला से वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए जिला मंडी के नाचन विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं की सौगात देंगे। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री लोक निर्माण, जल शक्ति व वन विभागों की करीब 25 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर क्षेत्र के महादेव में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और मुख्यमंत्री मौजूद लोगों को संबोधित करेंगे।

**जय दुर्गा संकीर्तन मंडल ने मंदिरों में दी चार्जेबल लाइटें:** कोरोना महामारी के चलते इस बार विशाल भगवती जागरण न कर सकने वाली मंडी की सामाजिक व धार्मिक संस्था जय दुर्गा संकीर्तन मंडल ने मंडी के कई मंदिरों को चार्जेबल लाइटें प्रदान की हैं ताकि मंदिरों में हर समय प्रकाश रह सके व बिजली चले जाने की सूरत में भी अंधेरा न हो। ऐसा इस उदेश्य से किया गया है ताकि मंदिरों में अंधेरा होने से चोरी आदि न हो व श्रद्धालुओं और प्रबंधकों को भी परेशानी न आए।

### व्यापारी 15 अगस्त को रखेंगे बाजार बंद

**मंडी:** मंडी व्यापार मंडल ने निर्णय लिया है कि स्वाधीनता दिवस के मौके पर मंडी बाजार बंद रहेगा। सभी व्यापारी अपना काम काज बंद रख कर स्वाधीनता दिवस मनाएंगे। व्यापार मंडल के महासचिव प्रशांत बहल ने बताया कि प्रधान राजेश महेंद्रू की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया है।

## हिम हल्दी दूध का करें सेवन, रहें स्वस्थ: जय राम

शिमला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने बुधवार को पोषणयुक्त व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए मिल्कफेड के हिम हल्दी दूध का शुभारम्भ किया। उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत मंडी, शिमला और कुल्लू जिले के दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि वितरित की और उनसे बातचीत भी की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हिम हल्दी दूध पंजाबी विवि पटियाला के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से विकसित किया गया है जिसका पेटेंट करवाया गया है। उन्होंने कहा कि यह पेय डिटाक्स ड्रिंक है जिसमें एंटी हैंगओवर, एंटी आक्सीडेंट, एंटी इन्फ्लेमेटरी और रोग प्रतिरोधक क्षमता विद्यमान हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पेय आम जनता के बीच लोकप्रिय होगा।

जय राम ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत मिल्कफेड ने आज 835 दूध उत्पादकों के बैंक खातों में कुल 16लाख 70हजार लाख रुपये हस्तांतरित किए। प्रत्येक दुग्ध उत्पादक के बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि के रूप में 2000 रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। उन्होंने 1000 लीटर दूध बाजार तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक उत्पादक को पांच लीटर स्टेनलेस स्टील की बाल्टियां प्रदान की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध उत्पादकों को सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार ने दूध के खरीद मूल्य में दो बार बढ़ौतरी की है। दुग्ध उत्पादकों से 27 रुपए 80 पैसे प्रति लीटर की दर पर दूध क्रय किया जा रहा है। मिल्कफेड की ओर से दुग्ध उत्पादकों को दूध खरीद के लिए 8 से 9 करोड़ रुपए प्रति महीना उपलब्ध करवाए जा रहे हैं और पशु चारा भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चक्कर और दत्तनगर के मिल्कफेड प्लांट की क्षमता को 16 -16 लाख रुपए व्यय कर बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि में राज्य में मिल्कफेड की ओर से 11 दुग्ध प्लाटों का प्रबन्धन किया जा रहा है और 1011 दुग्ध सहकारी सभाएं मिल्कफेड से जुड़ी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि 2019-20 में मिल्कफेड की 132 करोड़ रुपए की कुल वार्षिक बिक्री हुई जो पिछले साल के मुकाबले 33 फीसद अधिक है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी में भी मिल्कफेड ने अपनी गतिविधियां जारी रखीं और किसानों से दूध प्राप्त किया।

## कांगड़ा, ऊना के कई इलाकों में भारी बारिश

शिमला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

पिछले 24 घंटों में कांगड़ा व ऊना के कई इलाकों में भारी बारिश हुई है जबकि प्रदेश के बाकी हिस्सों में सामान्य बारिश हुई है। हालांकि बुधवार दिन को प्रदेश में कहीं-कहीं हलकी बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों में प्रदेश में मानसून सामान्य रहा है। बीती रात को गुलेर में 105 मिलीमीटर, अंब में 67 और गग्गल में 63 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा नैना देवी में 47, नगरोटा सूरियां में 42, बरठीं में 37, नादौन व बिलासपुर में 35, जोगेंद्रनगर में 32, मेहड़े में 27, बल्द्वाड़ा में 24, मनाली में 22, ऊना में 21, देहरा गोपीपुर में 19, बैजनाथ में 16 और पालमपुर में 15 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

## ठियोग के डुक्खर गांव में आग से पांच मकान राख

### दो गाए और एक बछड़ा जिंदा जला, लाखों का नुकसान

शिमला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

बीती रात को ठियोग के घूंड इलाके के डुक्खर गांव में आग लगने से दो गाए व एक बछड़ा जिंदा जल गए जबकि पांच मकान जल कर राख हो गए। आगजनी की इस घटना में लाखें रुपए का नुकसान हुआ है।

बीती रात को गांव के बेलीराम के मकान से आग लगी व देखते-देखते आग ने साथ के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक लोग संभल पाते तब तक आग ने पांच घरों जिसमें गऊशाला भी शामिल है, को अपनी चपेट में लिया। आग लगने की घटना की ठियोग दमकल विभाग में जानकारी दी गई व एक मिनट के भीतर ही यहां से दमकल विभाग के वाहन मौके के लिए रवाना हो गए जबकि एक वाहन को कोटखाई से बुलाया गया।

मौके पर पहुंच कर दमकल विभाग के कर्मियों को आग पर काबू करने में करीब सवा घंटा लग गया लेकिन तब तक गांव के राजेंद्र सिंह के मकान के पांच कमरे, बेलीराम के चार, इंद्र सिंह के दो, वीरेंद्र सिंह के आठ जबकि कल्पना के दो कमरे जल कर राख हो गए। इन लोगों का लगभग सारा सामान जल कर राख हो गया ।

इस दौरान बीरेंद्र सिंह की गऊशाला भी आग की चपेट में गई व उनकी दो गाएं व एक बछड़ा जिंदा जल गए। उन्हें गऊशाला से बाहर नहीं निकाला जा सका। दमकल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आग के लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

## लाहुल में बहू संग दुराचार कर फरार ससुर सिसू में काबू

कुल्लू, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

लाहुल में बहू के साथ दुराचार कर फरार हुए ससुर को पुलिस ने आखिरकार दबोच ही लिया है। हालांकि शातिर ने पुलिस का चकमा देने का भरपूर प्रयास किया लेकिन अपने मनसूबों में वह कामयाब नहीं हो सका।

नेपाली मूल के इस शख्स की तलाश में पुलिस लगातार जिले से बाहर और जिले में दबिश दे रही थी। लेकिन लोक बहादुर नामक यह शातिर शख्स बार-बार पुलिस को चकमा देता रहा। पुलिस का कहना है कि उक्त व्यक्ति की तलाश में जब लाहुल पुलिस की एक टीम कुल्लू-मनाली पहुंची तो वह बार-बार अपना फोन ऑन करता और लोकेशन ट्रेस होने देता। लेकिन जैसे ही पुलिस वहां पहुंचती तो यह शख्स फोन बंदकर फिर से लापता हो जाता। उसने करीब चार से पांच जगहों पर पुलिस को खूब घुमाया और बड़े ही फिल्मी अंदाज से लाहुल घाटी में फिर से प्रवेश कर गया। लेकिन उसकी यही गलती उसपर भारी पड़ी। उसे लाहुल प्रवेश करते लगा कि पुलिस उसे घाटी से बाहर ढूंढेगी लेकिन यहां आते ही पुलिस ने उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना को अंजाम देने के बाद से ही फरार चल रहे लोक बहादुर ने जैसे ही लाहुल में प्रवेश किया पुलिस को इसकी तुरंत सूचना मिल गई। पुलिस का कहना है कि लोक बहादूर अपना फोन बंद करना भूल गया था और जैसे ही पुलिस को इसकी लोकेशन फिर से सिस्सू के पास मिली तो पुलिस टीम ने शातिर को रास्ते में ही दबोच लिया। डीएसपी केलांग हेमंत ठाकुर ने बताया कि नेपाली मूल की महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले शातिर को पकड़ लिया गया है। उन्होंने बताया कि लोक बहादुर को गुरुवार को कुल्लू न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## शिक्षा नीति लागू करने को होगा टास्क फोर्स का गठन: मंत्री

कुल्लू, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए राज्य स्तरीय टास्क फोर्स गठित की जाएगी। शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने मनाली में पत्रकारों से बातचीत में बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर अधिकारियों से चर्चा जारी है।

उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय टास्क फोर्स में शिक्षा जगत से जुड़े व्यक्तियों के साथ ही शिक्षक, शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि और निजी विद्यालयों व विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह टास्क फोर्स नई शिक्षा नीति का व्यापक अध्ययन करने के बाद राज्य में इसे लागू करने के लिए सरकार को अपने सुझाव देगी। नीति में शामिल विद्यालयी शिक्षा से संबंधित आठ विषयों पर विभागीय कार्यदल गठित किए जाएंगे। ये कार्यदल राज्य के परिपेक्ष्य में प्रत्येक विषय पर अपने सुझाव निदेशक अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण को देंगे। मंत्री ने कहा कि मनाली में चल रहब सभी विकासात्मक कार्यों को गति दे दी है। उन्होंने बताया कि घाटी में चल रहे सभी पुलों का निर्माण कार्य इसी साल पूरा करने की योजना है। उन्होंने बताया कि कोविड 19 के बीच भी सरकार ने विकास कार्यों को निरंतर जारी रखा है। उन्होंने कहा कि मनाली में बन रहे तीन नेचर पार्क भी जल्द ही तैयार हो जाएंगे।


प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (ए) के मामले में
तथा
सीएफपी फाइनांस प्रा. लि. जिसका पंजीकृत कार्यालय 254, छोटी बरादरी गरहा रोड, निकट मेडिकल कॉलेज, जालंधर सिटी, पीबी 144001 में है, के मामले में।

.................आवेदक

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "पंजाब राज्य" से "रा.रा. क्षेत्र दिल्ली" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए गुरुवार, 30 जुलाई, 2020 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केन्द्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे **एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in)** पर **निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करें अथवा** उसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह (14) दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2रा तल, पं. दीन दयाल अन्त्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें:
254, छोटी बरादरी गरहा रोड, निकट मेडिकल कॉलेज, जालंधर सिटी, पीबी 144001

निदेशक मंडल के लिए तथा उसकी ओर से
सीएफपी फाइनांस प्रा. लि.
हस्ता./-
पवन कुमार गर्ग
निदेशक
DIN:00157287

स्थान: पंजाब
तिथि: 13.08.2020



**हिसार मेटल इंड्स्ट्रीज लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: नियर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉलोनी, दिल्ली रोड, हिसार-125005 (हरियाणा)
ईमेल: info@hisarmetal.com; वेबसाइट: www.hisarmetal.com
फोन: (01662) 220067, 220367, 220738 फैक्स: (01662) 220265
CIN: L74899HR1990PLC030937

**30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(रू. लाखों मे निर्दिष्ट को छोडकर)

| | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2020 (अनंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2020 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.06.2019 (अनंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2020 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालन से कुल आय (अन्य आय सहित) | 1533 | 3867 | 5017 | 17811 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/व असाधारण मदों से पूर्व) | -74 | 38 | 166 | 502 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/व असाधारण मदों के बाद) | -74 | 38 | 166 | 502 |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/व असाधारण मदों के बाद) | -74 | 21 | 119 | 391 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल] | -74 | 21 | 119 | 391 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 540 | 540 | 540 | 540 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मुल्यांकन रिजर्व्स को छोडकर) जैसा कि पिछले वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | 2205 |
| 8 | प्रति शेयर आय (रू. 10/- प्रत्येक) (चालू और बंद प्रचालनों के लिए) बेसिक एवं डायल्यूटिड | -1.37 | 0.39 | 2.20 | 7.24 |

**नोट:**
सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसार, स्टॉक एक्सचेंज के साथ दर्ज की गई ऊपरोक्त त्रैमासिक वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com व www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.hisarmetal.com) पर उपलब्ध है।

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता/-
(अभिराम तायल)
प्रबंध निदेशक
DIN 00081453

स्थान: हिसार (हरियाणा)
तिथि : 12 अगस्त, 2020


## दोस्ती का झांसा देकर यौन शोषण कर युवक फरार

धर्मशाला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

सोशल मीडिया में दोस्ती कर विश्वास करना घातक सिद्ध हो सकता है। ऊना की एक लड़की से सोशल मीडिया के जरिए दोस्त बने चंबा के एक युवक ने दोस्ती की आड़ में उसे ब्लैकमेल कर न सिर्फ उसका यौन शोषण किया बल्कि फरार भी हो गया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ऊना में 26 साल की एक युवती की 2017 में सोशल मीडिया में चंबा के एक युवक से दोस्ती हुई। बात बढ़ी तो वाट्सएप पर अक्सर वीडियो कॉल होने लगी। उसके बाद युवक उससे मिलने चंबा से ऊना पहुंच गया और शहर के एक होटल में उससे न सिर्फ दुराचार किया बल्कि इस दौरान उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना डाला।

पुलिस को दी शिकायत में युवती का आरोप है कि आरोपी ने बाद में वाट्सअप पर उसका एमएमएस वायरल करने की धमकी देते हुए न सिर्फ कई बार उससे धर्मशाला, चंडीगढ़ और अमृतसर ले जाकर उससे दुष्कर्म किया बल्कि उसकी सगाई तक तुड़वा दी। युवती ने बताया कि 7 अगस्त को दो अलग-अलग फेसबुक आइडी से उसके आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। बहरहाल जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान ने बताया कि कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है।

### चरस समेत तीन गिरफ्तार

कांगड़ा पुलिस ने बुधवार को एक खुफिया जानकारी के बाद धर्मशाला नगर में एक किलो से भी ज्यादा चरस के साथ कुल्लू के दंपति समेत तीन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में नग्गर इलाके के छाकी गांव के मोहन कुमार, भुंतर तहसील के जलग्रां गांव के ज्ञान चंद और उसकी पत्नी आशु ऊर्फ आशा देवी शामिल है। धर्मशाला थाने के हवलदार अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस दल ने दाड़ी बाईपास पर नाकेबंदी के दौरान एक ऑल्टो कार को रोक कर तलाशी ली तो आरोपियों के कब्जे से 1.76 किलो चरस बरामद की।

## परिवहन मंत्री से मिल निजी ऑपरेटर बताएंगे अपनी समस्याएं

मंडी, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

निजी बस ऑपरेटर यूनियन 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर मंडी पहुंच रहे परिवहन मंत्री बिक्रम सिंह को अपनी समस्याएं बताएंगे। इस बारे में जिला प्रधान गुलशन दीवान ने बताया कि एक निजी बस चालक के कोरोना पॉजीटिव आने की बात कही जा रही है और इससे गलतफहमी पैदा हो रही है।

गुलशन ने बताया कि हर क्षेत्र स्तर पर निजी ऑपरेटर अपनी मांगों को लेकर स्थानीय विधायकों से मिल कर अपनी समस्याओं को बता रहे हैं। इसी क्रम में अब तक सुंदरनगर में विधायक राकेश जमवाल व बल्ह में विधायक इंद्र सिंह गांधी से मिल कर उन्हें अपनी मांगों व समस्याओं के बारे में बता चुके हैं। अब 15 अगस्त को उनका एक प्रतिनिधिमंडल मंडी में परिवहन मंत्री से मिलेगा तथा उनके सामने अपनी मांगों व दिक्कतों को रखकर उनका समाधान करने का आग्रह करेगा।

उन्होंने कहा कि जो चालक पॉजीटिव आया है वह सामान्य रूट की निजी बस का न होकर बाहरी रूट से आने वाली डीलक्स बस का है जिसका स्थानीय सवारियां और लोगों से कोई लेना देना नहीं है।

उन्होंने कहा कि उनके चालक और परिचालक कोरोना महामारी के दिशानिर्देशों का पूरी तरह से पालन कर रहे हैं। लेकिन फिर भी यह लगे कि चालक और परिचालक नियमों का उल्लंघन कर रहा है तो उसे तुरंत टोके और शिकायत करें।

## कोरोना को लेकर कठघरे में जय राम सरकार!

### संक्रमण, मौतों के मामले मुख्यमंत्री के एजेंडे से हुए गायब

ओमप्रकाश ठाकुर
शिमला, 12 अगस्त।

कोरोना के बढ़ते मामलों ने प्रदेश की जय राम सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। प्रदेश के दो मंत्री गृह संगरोध में चले गए हैं। जबकि एक मंत्री सुखराम चौधरी कोरोना पॉजीटिव पाए गए हैं और आइजीएमसीएच में भर्ती हैं। आलम यह है कि केबिनेट मंत्री अस्पताल में भर्ती है और अस्पताल की ओर से उनके स्वास्थ्य को लेकर बुलेटिन तक जारी नहीं किया जा रहा। किसी को कुछ पता नहीं है कि मंत्री का स्वास्थ्य कैसा है?

तकरीबन सभी जिलों से रोजाना कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आ रहे है। लेकिन सरकार की ओर से सब कुछ राम भरोसे छोड़ दिया गया है। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के पास सरकारी कामकाज निपटाने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग एक बेहतरीन जरिया है। लेकिन वह तो खुद ही कांगड़ा का प्रवास कर आए। वन मंत्री राकेश पठानिया मंत्री बनने के बाद भी लगातार लोगों से मिलते रहे। उनके निजी सचिव एवं उनके परिवार के सदस्य पॉजीटिव आए तो उनकी रफ्तार कुछ थमी है। जिसके बाद वह परिवार समेत गृह संगरोध में चले गए हैं।

समझा जा रहा था कि अब सरकार व संगठन की सार्वजनिक गतिविधियां थमेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा अध्यक्ष व नए दो मंत्रियों ने खूब जलवा बिखेरा। अब जब मुख्यमंत्री और मंत्रियों को ही सब्र नहीं है तो आम लोगों को सामाजिक दूरी बरकरार रखने को कैसे समझाया जा सकता है?

संगरोध केंद्रों की खस्ता हालत को लेकर कई जगहों से वीडियो वायरल हो रहे हैं। पहले तो मुख्यमंत्री खुद रोजाना तमाम जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोरोना को लेकर समीक्षा करते थे। लेकिन जब से प्रदेश में कोरोना के मामले बढ़ने शुरू हुए हैं तब से उन्होंने ये काम भी छोड़ दिया है। इसकी जगह वह पार्टी के मंडलों से वीडियों कांफ्रेंसिंग करने लग गए हैं। इन दिनों वह विभिन्न विधानसभा हलकों में वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए करोड़ों रुपए के उदघाटन व शिलान्यास करने में जुटे हैं। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले व मौतें उनके व उनके रणनीतिकारों के एजेंडे से गायब हो गए है।

स्वास्थ्य मंत्री का जिम्मा पूर्व सामाजिक न्याय व आधिकारिता मंत्री राजीव सैजल को सौंपा गया है लेकिन वह अभी तक कोई अलग ब्लू प्रिंट तो लेकर नहीं आए है।

### बढ़ रहा है मौतों का आंकड़ा

संक्रमण को लेकर सरकार कितनी गंभीर है, यह साफ दिखाई दे रहा है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की वजह से अब मौतों का तांडव होना भी शुरू हो गया है। पिछले तीन-चार दिनों में ही तीन मौतें हो गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 16 मौतें हो चुकी है। लेकिन जिन मरीजों की मौत पीजीआइ में जाकर हुई है अगर उन मौतों को भी जोड़ दिया जाए तो ये आंकड़ा बीस के करीब पहुंच चुका है। लेकिन सरकार कोरोना संक्रमण को प्राथमिकता में कहीं पीछे छोड़ दिया है।

### तब तबलीगी तो अब जिम्मेदार कौन?

शुरू में जब प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने लगे थे तो मुख्यमंत्री से लेकर तब के भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल तक ने तबलीगी जमात के लोगों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराने का कोई मौका नहीं चूका। लेकिन अब सरकार भी खामोश है और संगठन भी। हालांकि विपक्षी पार्टी कांग्रेस जरूर शोर मचा रही है लेकिन सरकार कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है।